# Chapter 01 प्राणी जगत (ANIMAL KINGDOM)

## RANKER'S STUFF

**Q.1** नीचे दिये गये चित्र में आप सिलेन्ट्रेटा प्राणी को किस तरह से पहचान कर सकते हो ?



(1) आठ बाह्य रोमाभी कंगक पट्टिकाओं की कतारों की उपस्थिति से

(2) जैवसंदीप्ति के लक्षण से

(3) दंश कोशिकाओं की अनुपस्थिति से

(4) उपर्युक्त सभी

**Q.2** निम्नलिखित में से कौनसा एक प्राणी अरीय सममित, अपूर्ण पाचन गुहा तथा द्विकोरिक है –

(1) स्पांजिला (2) यूस्पाँजिया

(3) एस्टेरियास (4) फाइसेलिया

**Q.3** निम्न लिखित कथनों का अध्ययन कीजिये :-

(A) प्रोटोकॉर्डेट्स पूर्णतया समुद्री होते हैं।

(B) सेफैलोकार्डेटा में पृष्ठ रज्जु सिर से पूंछ तक फैली रहती है।

(C) यूरोकॉर्डेटा में पृष्ठ रज्जु केवल लार्वा की पूंछ में पायी जाती है।

(D) साइक्लोस्टोम में कपाल तथा मेरूदंड अस्थिल होता है।

उपरोक्त में से सही तथ्यों को छांटिये–

(1) केवल A (2) B, C और D

(3) A, B और C (4) सभी

**Q.4** मछलियों के लिए निम्नलिखित लक्षणों का अध्ययन कीजिये:-

(A) इनमें चार जोड़ी क्लोम छिद्र जो ऑपरकुलम से ढके रहते हैं।

(B) इनमें वायु कोष उपस्थित होता है। जो उत्पलावन में सहायक होता है।

(C) ये अधिकांश जरायुज होते हैं तथा प्रत्यक्ष परिवर्धन होता है।

(D) इनका शरीर धारारेखित होता है तथा शरीर पर साइक्लोयड/टीनोयोड शल्क पाये जाते है।

उपरोक्त तथ्यों में से अस्थिल मछलियों के लिए सही है–

(1) A, B तथा C (2) C तथा D

(3) A, B तथा D (4) केवल B

**Q.5** उभयचरों के संदर्भ में सत्य कथन को पहचानिये –

(A) इनमें आंतरिक निषेचन होता है तथा प्रत्यक्ष परिवर्धन होता है।

(B) इनकी त्वचा नम तथा शल्क रहित होती है।

(C) इनका शरीर सिर तथा धड़ में विभाजित होता है।

(D) इनमें हृदय तीन प्रकोष्ठ का बना होता है।

उपरोक्त में से सही कथन छांटिये –

(1) A और D (2) A और B

(3) B, C और D (4) केवल D

**Q.6** निम्न में से सही युग्म को छांटिये –

(A) **असमतापी** – पक्षी और स्तनधारी

(B) **अग्नैथा** – *पेट्रोमाइजॉन* और *मिक्सीन*

(C) **ट्यूनिकेटा** – *एसिडिया, सैल्पा* और *डोलिओलम*

(D) **उपास्थिल मछलियाँ** – *बेटा* और *लेबिओ*

(1) A और B (2) A, B और C

(3) B और C (4) A, B और D

**Q.7** यदि कुछ स्वच्छ जलीय प्रोटोजोआ को आसूत जल में छोड़ दिया जायें, तो क्या घटित होगा?

(1) संकुचनशीलधानी तेज कार्य करेगी

(2) संकुचनशीलधानी धीरे कार्य करेगी

(3) संकुचनशीलधानी में कोई परिवर्तन नहीं होगा

(4) संकुचनशीलधानी गायब हो जायेगी

**Q.8** सुमेलित कीजिए –

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | डेन्टेलियम | (i) | भंगुर तारा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (b) | ओफीयूरा | (ii) | कटल फिश |
| (C) | एंटीडोन | (iii) | समुद्री अर्चिन |
| (d) | एकाइनस | (iv) | रद कवचर |
| (e) | सीपिया | (v) | समुद्री लिली |

(1) a-(iv). b-(i), c-(iv). d-(ii), e-(iii)
(2) a-(iv), b-(i), c-(v), d-(iii). e-(ii)
(3) a-(i), b-(iv), c-(v), d-(iii). e-(ii)
(4) a-(iv), b-(i), c-(iii), d-(v). e-(ii)

**Q.9** निम्न में से किस संघ में सर्वप्रथम शरीर में वास्तविक देहगुहा एवं मेटामेरिक विखण्डावस्था देखी गयी ?
(1) प्लेटीहेल्मिंथिज (2) एस्केल्मिंथिज
(3) एनेलिडा (4) आथ्रोपोडा

**Q.10** निम्न कथनों (a से e तक) ध्यानपूर्वक पढियें :-
(a) त्रिस्तरीय (b) द्विपार्श्व सममित
(c) अंग तंत्र स्तर संगठन (d) कूट देहगुहीक
(e) मेटामेरिक विखण्डन
उपरोक्त में से कौनसे कथन संघ –एस्केल्मिमंथिज के लिए सही है।
(1) केवल a तथा b (2) a, b, c तथा e
(3) a, b, c तथा d (4) a, b, c, d तथा e

**Q.11** नर द्वारा माता–पिता की देखभाल पाई जाती है
(1) सिनेप्टुरा (2) लेबियो
(3) हिप्पोकैम्पस (4) एनाबास

**Q.12** निम्न में से कौनसा जन्तु अरीय सममित है लेकिन इसका लार्वा द्विपार्श्व सममित होता है।
(1) *ऐस्केरिस* (गोल कृमी)
(2) *नेरीस* (वलय कृमी)
(3) *पाइला* (सेब घोंघा)
(4) *ऐस्टेरियास* (तारा मछली)


**Q.13** गलत मिलान वाले युग्म को चुनिये :–
(1) *पेट्रोमाइजोन* – शरीर शल्क एवं युग्मित पखों रहित
(2) *स्कोलियोडोन* – आपरकुलम उपस्थित लेकिन वायु कोष अनुपस्थित
(3) *एक्सोसटिस* – हृदय द्विकोष्ठीय एवं शिरा कोटर युक्त
(4) *राना* – शीतरूधिरधारी, 10 जोड़ी कपाल तंत्रिकाओं एवं मीजोनेफ्रीक वृक्कोंयुक्त

**Q.14** सूची 'A' एवं सूची 'B' का सही मिलान करके सही उत्तर का चयन नीचे दिये गये कूट से करें :-

| List -A (जन्तु) | | List – B (सामान्य नाम) | |
|---|---|---|---|
| (i) | *फाइसेलिया* | (A) | ब्रेन कोरल |
| (ii) | *पिनैटुला* | (B) | समुद्री व्यंजन |
| (iii) | *गोरगोनिया* | (C) | समुद्री पिच्छ |
| (iv) | *मेन्डरीना* | (D) | पुर्तगाली युद्ध पोत |

**Code:**
(1) (i)-A, (ii)-B, (iii)-C, (iv)-D
(2) (i)-D, (ii)-C, (iii)-B, (iv)-A
(3) (i)-C, (ii)-D, (iii)-B, (iv)-A
(4) (i)-D, (ii)-C, (iii)-A, (iv)-B

**Q.15** दिये गये चित्र में प्राणी के सन्दर्भ में **असंगत** कथनों को चुनिये–



(1) श्वसन, क्लोम के द्वारा करता है।
(2) उत्सर्जन, ग्रीन ग्रन्थियों के द्वारा करता है।
(3) यह जीवित जीवाश्म का उदाहरण है।
(4) तैरने के लिये संधियुक्त पादों का पाया जाना

**Q.16** निम्न में से असुमेलित युग्म को छाँटिए :
(1) कोशिकीय स्तर: पोरीफेरा
(2) ऊतक स्तर : एस्केहेल्मिन्थिस
(3) अंग स्तर : प्लेटीहेल्मिथिंस
(4) अंगतंत्र स्तर: ऐनेलिडा

**Q.17** एक जीवित जीवाश्म है
(1) सिलोकैंथ (2) लिमुलस
(3) स्फेनोडोन (4) उपरोक्त सभी


**Q.18** प्राणी तथा इनसे सम्बन्धित होने वाली घटनाओं के जोड़े का मिलान कीजिए–
(1) ***प्लेनेरिया*** – पुनरूद्भवन की उच्च क्षमता
(2) ***क्यूलैक्स*** – अपूर्ण कायान्तरण का होना
(3) ***ओबेलिया*** – विखण्डावस्था
(4) ***फेरेटिमा*** – लैंगिक द्विरूपता

**Q.19** नीचे दिये हुए प्राणीयों के समूह में से कूट गुहिक को छाँटिये :-

(1) *एस्केरिस, फेसियोला, टीनिया*
(2) *क्यूलेक्स, लोकस्टा, लिमूलस*
(3) *वुचेरेरिया, एस्केरिस, एनसाइलोस्टोमा*
(4) *नेरिस, हीरूडिनेरिया, वुचेरेरिया*

**Q.20** निम्न लिखित में से किस एक जोड़े में दोनों ही प्राणी **उपास्थिल मछलियाँ** हैं ?
(1) लेबिओ और कतला
(2) टेरोफिल्लम और स्कॉलियोडोन
(3) प्रीस्टिस और कारकेरोडोन
(4) पेट्रोमाइजॉन और मिक्सीन

**Q.21** निम्न में से कौनसी मछली "**विशाल सफेद शार्क** कहलाती है ?
(1) प्रीस्टिस (2) ट्राइगोन
(3) क्लेरियस (4) कारकेरोडोन

**Q.22**



ऊपर एक प्रारूपिक कॉर्डेट को आरेखीय चित्र द्वारा दर्शाया गया है। इसमें A, B, C और D संरचनाओं को क्रमशः पहचानिये :-
(1) पृष्ठरज्जु, तंत्रिका रज्जु, आहारनाल और क्लोम दरारें
(2) गुदा–पश्च–पुच्छ, क्लोम दरारें, तंत्रिका रज्जु और पृष्ठरज्जु
(3) गुदा–पश्च–पुच्छ, तंत्रिका रज्जु, पृष्ठरज्जु और क्लोम दरारें
(4) गुदा–पश्च–पुच्छ, पृष्ठरज्जु, तंत्रिका रज्जु, तथा क्लोम दरारें

**Q.23** निम्न में से किस प्रोटाकॉर्डेट्स में पृष्ठरज्जु केवल लार्वा की पूँछ में पायी जाती है –
(1) ऐसीडिया (2) बेलनोग्लोसस
(3) मिक्सीन (4) ब्रैंकियोस्टोमा

**Q.24** निम्नलिखित कौनसे समूह में पृष्ठरज्जु, आजीवन उपस्थित रहती है ?
(1) हेमीकॉर्डेटा (2) यूरोकॉर्डेटा
(3) सिफेलोकॉर्डेटा (4) वर्टीब्रेटा

**Q.25** स्तम्भ-I को, स्तम्भ-II से मिलान करके सही उत्तर चुनिये:

| स्तम्भ - I | | स्तम्भ - II | |
|---|---|---|---|
| (A) | स्पंजगुहा | (i) | आर्थ्रोपोडा |
| (B) | पृष्ठा धर रूप से चपटा शरीर | (ii) | निडेरिया |
| (C) | सीलेन्ट्रोन गुहा | (iii) | पोरीफेरा |
| (D) | काइटीनयुक्त बाह्य कंकाल | (iv) | प्लेटीहेल्मिंथीज |

(1) A-iii, B-iv, C-i, D-ii (2) A-iv, B-iii, C-ii, D-i
(3) A-iii, B-iv, C-ii, D-i (4) A-ii, B-iv, C-iii, D-i




**Q.26** निम्नलिखित कौनसा एक सुमेलित जोड़ा है ?
(1) ओफीयूरा - समुद्री लिली
(2) ऑक्टोपस - कटल मछली
(3) टोरपीडो - विद्युत किरणें
(4) एप्टीनोडाइटीज - शतुर्मुर्ग

**Q.27** अस्थिजात मछलियों के लक्षणों में कौन सही नहीं है?
(1) टर्मिनल मुख
(2) गिल, ओपरकुलम से ढंके हुए
(3) शरीर पर प्लेकोइड शल्क
(4) शरीर को हल्का रखने हेतु वायु कोष

**Q.28** निम्न में से कौनसा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?
(1) कीटोप्ल्यूरा – काइटन
(2) एस्केरिस – गोलकृमि
(3) वुचेरेरिया – फाइलेरिया कृमि
(4) एण्टीरोबियस – हुक कृमि

**Q.29** सबसे बड़ा जैव विकासीय परिवर्तन जिससे स्थलीय कशेरूकियों को जल से पूर्णत : मुक्ति मिली है, वह है विकसित होना :
(1) चार उपांगों का
(2) फेफड़ों का
(3) कवचधारी अण्डों का
(4) चार कोष्ठीय हृदय का

**Q.30** दिये गये चित्र में प्राणी तथा इनके लक्षण एवं संघ को पहचानिये–


(A) 
(B) 
(C) 
(D) 

| | चित्र | जन्तु | लक्षण | संघ |
|---|---|---|---|---|
| (1) | A | *सायकॉन* | संवेदी कोशिकाएं | पोरीफेरा |
| (2) | B | *ओरेलिया* | निडोसाइट्स | टीनोफोरा |
| (3) | C | *प्ल्यूरोब्रेकिया* | जैवप्रदीप्ती | टीनोफोरा |
| (4) | D | *हिरूडिनेरिया* | अगुहीय | प्लेटीहैल्मिन्थीज |

**Q.31** दिये गये जंतुओं के उदाहरण में कितने सिलेन्ट्रटा है।
फाइसेलिया, ओबेलिया, प्लेनेरिया, पेनेट्युला, गोरगोनिया, प्लूरोब्रेकिआ, मैडरीना, और नेरिस

(1) तीन (2) चार (3) पांच (4) छः

**Q.32** नीचे दिये गये चार जन्तुओं (A, B, C व D) को पहचानिये। नीचे दिये गये कौनसे एक विकल्प में कौनसे एक प्राणी को उसके वर्गिकी समूह तथा सामान्य नाम के साथ सही नही पहचाना गया है ?

(A)

(B)

(C)

(D)


**विकल्प :**

| | चित्र | प्राणी का नाम | वर्गिकी संवर्ग | सामान्य नाम |
|---|---|---|---|---|
| (1) | B | एडमस्यिा | टीनोफोरा | स्टारकोरल |
| (2) | D | स्पोन्जिला | पॉरीफोरा | स्वच्छ जलीय स्पंज |
| (3) | C | ऑरिलिया | सिलेन्ट्रेटा | जेली फिश |
| (4) | A | यूस्पोन्जिया | पोरीफेरा | बॉथ स्पंज |

**Q.33** निम्न में से कितने जंतु इकाइनोडर्मेटा संघ के अंर्तगत आते है

स्टार फिश, समुद्री अर्चिन, समुद्री लिलि,समुद्री चूहा, खरहा, समुद्री कर्कटी ,भंगुरतारा, समुद्री आलू, समुद्री – स्कीवर्ट, समुद्री व्यंजन, समुद्री पिच्छ,

(1) 4 (2) 5 (3) 6 (4) 7

**Q.34** साइनस, वेनोसस की विशेषता है

(1) सरीसृप और पक्षी

(2) मछलियाँ, उभयचर

(3) केवल पक्षी

(4) पक्षी और स्तनधारी

**Q.35** निम्नलिखित में से कौनसा लक्षण जोड़ा सिल्वरफिश, ड्रैगनफ्लाई तथा झींगा इन तीनों में पाया जाता है ?

(1) तीन जोड़ी टाँगे तथा सखंड शरीर

(2) काइटिनी क्यूटिकल तथा दो जोड़ी एंटेना

(3) संधियुक्त उपांग तथा वातिकाएँ

(4) शिरोवक्ष (सेफैलोथोरेक्स) तथा वातिकाएँ

**Q.36** किस जन्तु में तंत्रिका कोशिका होती है, लेकिन मस्तिष्क अनुपस्थित होता है :-

(1) स्पंज (2) केंचुआ

(3) तिलचट्टा (4) हाइड्रा

**Q.37** पक्षियों का उद्भव सरीसृपों से होने का प्रमाण हैं, इनमें उपस्थिति

(1) परो की (2) शल्कों की

(3) पंजों की (4) रोमों की

**Q.38** निम्नलिखित कौनसे समूह में सभी जन्तु उभयलिंगी है:

(1) *प्ल्यूरोब्रैकिया, ऐस्केरिस, फेरिटिमा*

(2) *प्ल्यूरोब्रैकिया, होमो सेपियंस*, जौंक

(3) फीताकृमि, टोड, तारा मछली

(4) *प्ल्यूरोब्रैकिया*, जौंक, फीताकृमि

**Q.39** निम्न में से किस परजीवी में आहार नाल नहीं होती है तथा अपनी शारीरिक सतह से पोषद से पोषक का अवशोषण करता है?

(1) *फैसीयोला* (पर्णकृमि)

(2) *एन्साइकलोस्टोमा* (अंकुशकृमि)

(3) *एस्कैरिस* (गोलकृमि)

(4) *टीनिया* (फीताकृमि)

**Q.40** निम्नलिखित प्राणीयों तथा उनके लक्षणों के सन्दर्भ में असंगत कथनों को चुनिये–

(1) ***नेरीज*** → एकलिंगी तथा तैरने के लिए पार्श्वपाद का होना

(2) ***लिमुलस*** → जीवित जीवाश्म तथा बुक गिल्स के द्वारा श्वसन का होना

(3) ***इकाईनस*** → कैल्केरियस ऑसिकल्स का बना अन्तः कंकाल तथा जल संवहन तंत्र का होना

(4) ***बैलेनोग्लोसस*** → आन्तरिक निषेचन तथा प्रत्यक्ष परिवर्धन का होना

KHAN GLOBAL STUDIES
A Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR

**Q.41** निम्न मे से किस प्राणी में श्वसन के लिये पार्श्वीय या जोड़ेयुक्त ग्रसनीय क्लोम छिद्र पाये जाते है?

(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

**Q.42** निम्न में से गलत वर्गीकी समूहों के विकल्प को चुनिये–

(1) **ओस्टिकथीज**→ *एक्सोसिटस, प्रीस्टिस, गेम्बुसिया*

(2) **यूरोकॉर्डेटा** → *साल्पा, पाइरोसोमा, डोलिओलम*

(3) **मोलस्का** → *डेन्टेलियम, कीटोप्ल्यूरा, पिन्कटाडा*

(4) **ऐस्केलमिन्थीज**→ *ऐस्केरिस, एण्टेरोबियस, वाउचेरेरिया*

**Q.43** दिये गये चित्र में प्राणी के सन्दर्भ में गलत विकल्प को चुनिए–



(1) पूर्ण अस्थिकृत अन्तः कंकाल

(2) पूरे शरीर पर पंखों का पाया जाना

(3) वायुकोष फुफ्फुस से जुड़कर सहायक श्वसन अंग का निर्माण करना

(4) पूंछ को हिलाने के लिए पाइगोस्टायल का पाया जाना

**Q.44** बैलेनोग्लोसस का उत्सर्जी अंग हैं ?

(1) तंत्रिका ग्रन्थि (2) प्रोलोसिस ग्रन्थि

(3) नेफ्रीडिया (4) केबर के अंग

**Q.45** इकाईनोडर्मेटा का जल संवहन तंत्र सहायता करता हैं?

(1) गमन

(2) भोजन को पकड़ने तथा परिवहन में

(3) श्वसन

(4) उपरोक्त सभी

**Q.46** साइक्लोस्टोमेटा के विषय में असत्य कथन को चुनिऐं:

(1) इनकी सदस्य कुछ मछलियो पर बाह्य परजीवी होते हैं।

(2) जबड़े युक्त गोलाकार मुख पाया जाता हैं।

(3) शल्क अनुपस्थित

(4) उपास्थिल कशेरूकदण्ड

**Q.47** मिलान कीजिए ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | टेरोपस | a - | परी मछली |
| (ii) | एप्टेनोडाइट | b - | करैत |
| (iii) | बंगैरस | c - | उड़न लोमड़ी |
| (iv) | टेरोफाइलम | d - | पेंगुइन |
| | | e - | लड़ाकु मछली |

(1) (i)- b, (ii) - c, (iii) - d, (iv) - a

(2) (i)- a, (ii) - b, (iii) - c, (iv) - d

(3) (i)- c, (ii) - d, (iii) - b, (iv) - a

(4) (i)- c, (ii) - b, (iii) - d, (iv) – a

**Q.48** निम्नलिखित में से कौन से जोड़े सही मिलाए गए हैं?

| | **प्राणी** | **आकारिकीय लक्षण** |
|---|---|---|
| (A) | मगरमच्छ | 4-कक्षीय हृदय |
| (B) | समुद्री अर्चिन | पार्श्वपाद |
| (C) | ओबीलिया | मेटाजेनेसिस |
| (D) | लीमर | गर्तदंती |

(1) A तथा B केवल (2) A, C तथा D

(3) B, C तथा D (4) A तथा D केवल

**Q.49** नीचे दिए जा रहे तीन–तीन प्राणियों के किस एक समूह में सभी को उनके एक अभिलाक्षणिक आकारिकीय लक्षण से ***सही*** मिलाया गया है?

| | **प्राणी** | **आकारिकीय लक्षण** |
|---|---|---|
| (1) | यकृत पर्णाभ, समुद्री ऐनीमोन, समुद्री खीरा | द्विपार्श्व सममिति |
| (2) | कनखजूरा, झींगा, समुद्री अर्चिज | संधिस्थ उपांग |
| (3) | बिच्छु, मकड़ी, कॉकरोच | अधर ठोस केंद्रीय तंत्रिका तंत्र |
| (4) | कॉकरोच, टिड्डी, टीनिया | विखंडी खण्डीभवन |

**निर्देश: (प्र.50 से प्र.57 तक)**

KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform KHAN SIR

(A) यदि A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।

(B) यदि A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है

(C) यदि A सत्य है लेकिन R असत्य है

(D) यदि A और R दोनों असत्य हैं।

**Q.50** **अभिकथन :** आर्थोपोडा सबसे बड़ा संघ है और इसके सदस्य सभी प्रकार के आवासों में सफलतापूर्वक रह सकते हैं।

**कारण:** उनके पास विभिन्न कार्यों के लिए संयुक्त उपांगों और सुरक्षा के लिए काइटिनस प्लेट हैं

(1) A (2) B (3) C (4) D

**Q.51** **अभिकथन :** जंतुओं में अरीय सममिति भोजन और खतरे का पता लगाने के लिए लाभदायक है

**कारण:** यह जन्तु को किसी भी दिशा से उत्तेजन के प्रति अनुक्रिया देने में सक्षम बनाता है

(1) A (2) B (3) C (4) D

**Q.52** **अभिकथन:** डक–बिल प्लैटिपस एक अवास्तविक स्तनधारी है क्योंकि यह अंडे देता है

**कारण:** वास्तविक स्तनधारी सभी जरायुज होते हैं इसलिए डक–बिल प्लैटिपस अवास्तविक स्तनधारी होते हैं

(1) A (2) B (3) C (4) D

**Q.53** **अभिकथन :** फीताकृमि, गोलकृमि और पिनकृमि मानव आंत के अंतःपरजीवी हैं।

**कारण :** अनुचित तरीके से पका हुआ भोजन आंतों के संक्रमण का स्रोत है।

(1) A (2) B (3) C (4) D

**Q.54** **अभिकथन :** सिलेन्ट्रेटा प्राणियों में ऊतक स्तर का संगठन होता है

**कारण:** सिलेन्ट्रेटा जीवों में, समान कार्य करने वाली कोशिकाएं समूह में व्यवस्थित होती है।

(1) A (2) B (3) C (4) D

**Q.55** **अभिकथन :** चपटे कृमि के परजीवी में हुक और चूषक उपस्थित होते हैं।

**कारण :** यह परपोषी के शरीर से पोषक तत्वों को अवशोषित करने में सहायता करते है।

(1) A (2) B (3) C (4) D

**Q.56** **अभिकथन :** स्टर्थियो का अंतःकंकाल पूर्णतः अस्थिकृत होता है।

**कारण :** यह उड़ने में असमर्थ पक्षी है।

(1) A (2) B (3) C (4) D

**Q.57** **अभिकथन :** रैडुला मोलस्का में आहार ग्रहण करने वाला एक फाइल जैसा अंग है।

**कारण:** रेडुला भोजन को चबाने में मदद करता है और कॉकरोच के जबड़े की तरह चलता है।

(1) A (2) B (3) C (4) D

KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform KHAN SIR

# ANSWER KEY

## RANKER'S STUFF

| Que. | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Ans. | 4 | 4 | 3 | 3 | 3 | 3 | 1 | 2 | 3 | 3 | 3 | 4 | 2 | 2 | 3 |
| **Que.** | **16** | **17** | **18** | **19** | **20** | **21** | **22** | **23** | **24** | **25** | **26** | **27** | **28** | **29** | **30** |
| Ans. | 2 | 4 | 1 | 3 | 3 | 4 | 4 | 1 | 3 | 3 | 3 | 3 | 4 | 3 | 3 |
| **Que.** | **31** | **32** | **33** | **34** | **35** | **36** | **37** | **38** | **39** | **40** | **41** | **42** | **43** | **44** | **45** |
| Ans. | 3 | 1 | 2 | 2 | 3 | 4 | 2 | 4 | 4 | 4 | 3 | 1 | 4 | 2 | 4 |
| **Que.** | **46** | **47** | **48** | **49** | **50** | **51** | **52** | **53** | **54** | **55** | **56** | **57** | | | |
| Ans. | 2 | 3 | 2 | 3 | 1 | 1 | 4 | 1 | 1 | 3 | 2 | 3 | | | |